# IB ACIO
# Grade-II

## Previous Year Paper
### (Executive)
### 18 Jan, 2024 Shift 2

# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Participant Name | |
| Test Center Name | |
| Test Date | 18/01/2024 |
| Test Time | 11:30 AM - 12:30 PM |
| Subject | IB ACIO II Exe |

Section : **Current Affairs**

**Q.1** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही कथन है/हैं?

1. डीजी (DG) राकेश पाल को जुलाई 2023 में भारतीय तटरक्षक (ICG) का 25वां महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

2. उन्होंने भारतीय नौसेना स्कूल द्रोणाचार्य, कोच्चि से गनरी और वैपन सिस्टम में पेशेवर विशेषज्ञता प्राप्त की है।

3. वह भारतीय नौसेना अकादमी के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं और जनवरी 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए।

4. उन्हें आईसीजी (ICG) के प्रथम गनर होने का सम्मान प्राप्त है।

Ans
- ✗ 1. केवल 1 और 3
- ✗ 2. केवल 2 और 4
- ✗ 3. केवल 2, 3 और 4
- ✓ 4. 1, 2, 3 और 4

**Q.2** सूरजकुंड मेला 2023 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. यह हर वर्ष फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित किया जाता है और फरवरी माह के प्रथम पखवाड़े के दौरान आयोजित किया जाता है।

II. यह सबसे प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय शिल्पमेलों में से एक है और इसका आयोजन हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा किया जाता है।

Ans
- ✗ 1. केवल II
- ✗ 2. केवल I
- ✗ 3. न तो I और न ही II
- ✓ 4. I और II दोनों

**Q.3** लखनऊ के संस्थान सीएसआईआर-एनबीआरआई (CSIR-NBRI) (नेशनल बॉटैनिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट) द्वारा विकसित "कमल" पुष्प की नई किस्म के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन असत्य हैं?
1. इस नए संस्करण को "नमो 118 (Namoh 118)" कमल की किस्म कहा जाता है।
2. इसकी 118 पंखुड़ियों के कारण इसका आध्यात्मिक महत्व है, जो गहन भक्ति का प्रतीक है।
3. यह कमल की पहली ऐसी किस्म है जिसका जीनोम इसकी विशेषताओं के लिए पूरी तरह से अनुक्रमित है।
4. इसका अनावरण 19 अगस्त 2023 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया।

Ans
- ✗ 1. केवल 2 और 3
- ✓ 2. केवल 1 और 2
- ✗ 3. केवल 1 और 4
- ✗ 4. केवल 3 और 4

Q.4 भारत सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नाम बदलकर ________ करने का निर्णय लिया है और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2023 के अंत तक रीब्रांडिंग कार्य को लागू करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र भेजा है।

Ans
✗ 1. आयुष्मान आरोग्य भवन
✗ 2. आयुष्मान आरोग्य केंद्र
✗ 3. आयुष्मान आरोग्य संस्थान
✓ 4. आयुष्मान आरोग्य मंदिर

---

Q.5 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 को अपनी सहमति दे दी है। यह विधेयक निम्नलिखित में से किसे परिभाषित करने के लिए बनाया गया है?

I. ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन मनी गेमिंग जैसी अभिव्यक्तियों को परिभाषित करता है।

II. वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियां।

Ans
✗ 1. केवल I
✓ 2. I और II दोनों
✗ 3. केवल II
✗ 4. न तो I और न ही II

---

Q.6 ब्राइट स्टार-23 (BRIGHT STAR-23) अभ्यास के संबंध में असत्य कथन/कथनों को चिन्हित कीजिए?
1. भारतीय वायु सेना के दल में पांच मिग-29, दो आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 विमान शामिल थे।
2. आईएएफ (IAF) के गरुड़ विशेष बलों के कर्मियों के साथ 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मियों ने अभ्यास में भाग लिया।
3. आईएएफ (IAF) परिवहन विमान ने भारतीय सेना के लगभग 500 कर्मियों को एयरलिफ्ट प्रदान किया।

Ans
✗ 1. 1, 2 और 3
✓ 2. केवल 3
✗ 3. केवल 1
✗ 4. केवल 1 और 3

---

Q.7 चंद्रयान-3 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. इसरो (ISRO) के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल सफलतापूर्वक उतरने के साथ भारत चंद्रमा पर पहुंच गया है! यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश भी बन गया है।

2. 14 जुलाई को प्रक्षेपित, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (LM) 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतर गया, जिससे भारत पूर्ववर्ती यूएसएसआर (USSR), अमेरिका (U.S.) और चीन के बाद ऐसा चौथा देश बन गया।

Ans
✗ 1. केवल 1
✗ 2. केवल 2
✓ 3. न तो 1 और न ही 2
✗ 4. 1 और 2 दोनों

---

Q.8 अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने 25 मार्च 2023 को अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट प्रारंभ किया, जो चार राज्यों में अरावली पर्वत माला के आसपास 5 km बफर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए एक प्रमुख पहल है।

2. इस प्रोजेक्ट में, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पंजाब राज्य शामिल हैं - जहां अरावली पहाड़ियों का भूभाग 6 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर फैला हुआ है।

3. हरियाणा के गुड़गांव, फरीदाबाद, भिवानी, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों में बंजर भूमि को इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत लिया जाएगा।

Ans
✗ 1. केवल 2 और 3
✓ 2. केवल 3 और 1
✗ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. 1, 2 और 3

Q.9 2023 में गोवा में असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (ART) के उद्घाटन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

1. मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने 14 अगस्त, 2023 को असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी (ART) और इंट्रायूटेराइन इनसेमिनेशन (IUI)/ इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) सेंटर का उद्घाटन किया।

2. गोवा मेडिकल कॉलेज ऐसी व्यापक आईवीएफ (IVF) सेवाएं प्रदान करने वाला देश का दूसरा सरकारी अस्पताल बन गया।

3. यह कार्यक्रम ताज कन्वेंशन सेंटर, डोना-पाउला में आयोजित किया गया।

4. गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (GMC) में 1 सितंबर से भुगतान आधारित आईवीएफ (IVF) सेवाएं शुरू होंगी।

Ans
✗ 1. केवल 3 और 4
✓ 2. केवल 4 और 2
✗ 3. केवल 1 और 3
✗ 4. केवल 1 और 2

---

Q.10 2023 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस दिवस के अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की, और महाराष्ट्र के सिंधुगढ़ के तटीय किले में 17वीं शताब्दी के मराठा शासक की एक भव्य प्रतिमा का अनावरण किया?

Ans
✗ 1. अहिंसा दिवस
✗ 2. स्वतंत्रता दिवस
✗ 3. गणतंत्र दिवस
✓ 4. नौसेना दिवस

---

Q.11 आईसीसी एकदिवसीय (ICC ODI) विश्व कप 2023 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए हाई स्टेक फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में भारत की अजेय स्थिति को समाप्त कर दिया और 6 विकेट से जीत प्राप्त करके खिताब जीता।

II. भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी (ICC) विश्व कप 2023 में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" के खिताब से सम्मानित किया गया।

Ans
✗ 1. न तो I और न ही II
✓ 2. I और II दोनों
✗ 3. केवल I
✗ 4. केवल II

---

Q.12 न्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट 2023 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. इस शिखर सम्मेलन का सह-आयोजन फ्रांस, बारबाडोस और भारत द्वारा किया गया था।

II. जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संकट और विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए ब्रेटन वुड्स प्रणाली से आगे एक नई वैश्विक वित्तपोषण व्यवस्था का आधार स्थापित करना इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य था।

Ans
✗ 1. केवल II
✗ 2. केवल I
✓ 3. I और II दोनों
✗ 4. न तो I और न ही II

---

Q.13 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जुलाई 2023 को निम्नलिखित में से किसके प्रदर्शन के लिए 'सेमीकॉन इंडिया 2023' प्रीमियर का उद्घाटन किया?

Ans
✗ 1. आईटी (IT) शक्ति
✗ 2. संधारणीय सौर ऊर्जा उत्पादन
✗ 3. संचार क्षेत्र में उन्नति
✓ 4. सेमीकंडक्टर क्षमताएं और चिप डिजाइन

---

Q.14 2023 में वायु में प्रदूषक PM2.5 के वार्षिक औसत स्तर के आधार पर आईक्यू (IQ) एयर द्वारा तैयार पांचवीं विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

I. दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में कुल 39 भारतीय शहर शामिल हैं।

II. राष्ट्रीय राजधानी 'नई दिल्ली' शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में शामिल है।

Ans
✗ 1. न तो I और न ही II
✗ 2. केवल I
✓ 3. I और II दोनों
✗ 4. केवल II

Q.15 स्क्वैश विश्व कप 2023 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. स्क्वैश विश्व कप 2023 में 16 जून 2023 को चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में सेमीफाइनल में कोलंबिया से 4-2 से हारने के बाद भारत का विजय अभियान समाप्त हो गया।
2. यह टीम चैंपियनशिप का चौथा संस्करण था जिसने 12 वर्ष पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश कैलेंडर में वापसी की।
3. आठ टीमों- मेजबान भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया, मिस्र, हांगकांग चीन, जापान, मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका - ने खिताब के लिए चेन्नई में प्रतिस्पर्धा की।

Ans
✗ 1. 1, न तो 2 न ही 3
✓ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. 1, 2 और 3
✗ 4. केवल 1 और 2

Q.16 28 नवंबर 2023 को मलेशिया के लैंगकावी में प्रारंभ किए गए वार्षिक आसियान इंडिया ग्रासरूट्स इनोवेशन फोरम (AIGIF) के चौथे संस्करण में _______ आसियान सदस्य देशों (AMS) के साथ भारत के प्रतिनिधि के रूप में 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 4
✗ 3. 8
✓ 4. 10

Q.17 राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 के अनुसार, भारत की कुल प्रजनन दर (बच्चे प्रति महिला) कितनी है?

Ans
✗ 1. 2.6
✗ 2. 2.4
✗ 3. 2.2
✓ 4. 2.0

Q.18 अक्टूबर 2023 में, अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल ने राज्य में ठोस अपशिष्ट के उचित प्रबंधन के लिए 3 महत्वपूर्ण उपनियमों को मंजूरी दी। निम्नलिखित में से कौन-से उपनियम, उन 3 स्वीकृत उपनियमों में शामिल हैं?

1. अरुणाचल प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन एवं प्रहस्तन) उपनियम 2023

2. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम 2023

3. निर्माण एवं ध्वंसीकरण अपशिष्ट प्रबंधन उपनियम 2023

4. जैव-निम्नीकरणीय अपशिष्टों का प्रचालन एवं अनुरक्षण उपनियम 2023

Ans
✗ 1. केवल 1, 3 और 4
✗ 2. केवल 1, 2 और 4
✗ 3. केवल 2, 3 और 4
✓ 4. केवल 1, 2 और 3

**Q.19** स्विस-आधारित अनुसंधान परामर्शदाता अर्थ एक्शन (EA) की 2023 प्लास्टिक ओवरशूट रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
1. भारत के लिए ओवरशूट दिवस, या वह तिथि जब प्लास्टिक अपशिष्ट की मात्रा देश की प्रबंधन क्षमता से अधिक हो गई, 6 जनवरी 2023 था।
2. EA की रिपोर्ट के अनुसार भारत उन 10 देशों में शामिल है जो दुनिया के 52 प्रतिशत अनुचित प्रबंधित प्लास्टिक कचरे के लिए उत्तरदायी हैं।
3. उत्पन्न अपशिष्ट के 98.55 प्रतिशत का अनुचित प्रबंधन किए जाने के साथ भारत, मिसमैनेज्ड वेस्ट इंडेक्स (MWI) में 9वें स्थान पर है।

**Ans**
✗ 1. केवल 3
✓ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. केवल 1 और 3
✗ 4. केवल 2

---

**Q.20** मार्च 2023 में डिजिटल हेल्थ (Digital Health) पर आयोजित वैश्विक कॉन्फ्रेन्स के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
1. डॉ. मनसुख मंडाविया ने डिजिटल हेल्थ (Digital Health) विषय पर 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को अंतिम नागरिक तक पहुँचाना (Taking Universal Health Coverage to the last Citizen)' विषय पर वैश्विक कॉन्फ्रेन्स को संबोधित किया।
2. यह कॉन्फ्रेन्स, भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से डब्ल्यूएचओ (WHO) - साउथ ईस्ट एशिया रीजन द्वारा आयोजित, भारत की G20 अध्यक्षता के अंतर्गत एक सह-ब्रांडेड कार्यक्रम था।

**Ans**
✗ 1. केवल 1
✗ 2. केवल 2
✗ 3. न तो 1 और न ही 2
✓ 4. 1 और 2

---

## Section : General Studies

**Q.1** गांधी इरविन पैक्ट में निम्नलिखित में से कौन-सा/से बिंदु शामिल था/थे?

1. पैक्ट ने पहले गोलमेज सम्मेलन में हुए समझौतों पर चर्चा करने के लिए एक और गोलमेज सम्मेलन का प्रस्ताव रखा।
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को सभी प्रकार से तुरंत और प्रभावी ढंग से सविनय अवज्ञा आंदोलन वापस लेना होगा।
3. ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार भी तत्काल वापस ले लिया जाएगा।
4. सरकार नमक प्रशासन से संबंधित मौजूदा कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगी बल्कि नमक अधिनियम में उचित संशोधन करेगी।

**Ans**
✗ 1. केवल 1
✗ 2. केवल 3 और 4
✗ 3. केवल 2, 3 और 4
✓ 4. केवल 1, 2 और 3

---

**Q.2** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के परामर्श से वित्तीय वर्ष (FY) 2023-24 के लिए मोटर थर्ड पार्टी प्रीमियम और देयता नियमों का प्रस्ताव करते हुए 14 जून 2023 को एक मसौदा अधिसूचना जारी की है। उपरोक्त मसौदे के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है?

कथन 1: शैक्षणिक संस्थानों की बसों के लिए प्रीमियम में 15% की छूट प्रस्तावित की गई है।

कथन 2: विंटेज कार के रूप में पंजीकृत निजी कार के लिए प्रीमियम में 25% की छूट का प्रस्ताव किया गया है।

कथन 3: इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रीमियम में क्रमशः 15% और 7.5% की छूट प्रस्तावित की गई है।

**Ans**
✗ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. 1, 2 और 3
✗ 3. केवल 2 और 3
✓ 4. केवल 1 और 3

---

Q.3 पंचायत समिति के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. पंचायत समिति का आकार, समिति क्षेत्र की जनसंख्या पर निर्भर करता है।
2. ग्राम पंचायतों के सभी सरपंच उस समय पंचायत समितियों के सदस्य नहीं होते हैं।
3. समिति में प्रशासनिक तंत्र के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Chief Executive Officer) होता है।

Ans
✗ 1. केवल 1
✗ 2. केवल 2 और 3
✓ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. केवल 3

---

Q.4 आधिकारिक भाषाओं पर संसद के आयोग और समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।

1) संघ के आधिकारिक उद्देश्यों के लिए हिंदी भाषा के प्रगतिशील उपयोग के संबंध में राष्ट्रपति को अनुशंसा करना आयोग का कर्तव्य होगा।
2) यहाँ 30 सदस्यों की एक समिति गठित की जाएगी।
3) समिति के 30 सदस्यों में से 10 लोक सभा के सदस्य होंगे और 20 राज्य सभा के सदस्य होंगे।

दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

Ans
✓ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. 1, 2 और 3
✗ 4. केवल 1 और 3

---

Q.5 आमतौर पर, ______ ऐसे दस्तावेज़ होते हैं जो एक निश्चित अवधि में मौद्रिक प्रतिफल के भावी प्रवाह का वचन देते हैं।

Ans
✗ 1. जमाएं
✗ 2. प्रतिभूतियां
✗ 3. कैपिटल
✓ 4. बांड

---

Q.6 पूर्व और मध्य भारत में मौर्यों का/के उत्तराधिकारी कौन था/थे?

I. शुंग
II. कण्व

Ans
✗ 1. केवल I
✗ 2. न तो I और न ही II
✗ 3. केवल II
✓ 4. I और II दोनों

---

Q.7 भारत का औपचारिक प्रमुख कौन होता है?

Ans
✗ 1. प्रधानमंत्री
✗ 2. वित्त मंत्री
✗ 3. गृह मंत्री
✓ 4. राष्ट्रपति

Q.8 गोदावरी नदी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह नदी महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर के पास सह्याद्रि से निकलती है।

2. दौलाईस्वारम में, यह नदी दो शाखाओं, गौतमी और वशिष्ठ में विभाजित हो जाती है।

3. गौतमी शाखा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के यानम एन्क्लेव से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में मिलती है।

4. उत्तर में, यह पश्चिमी घाट के पूर्वी किनारे से फैली बालाघाट और महादेव पर्वतमाला से घिरी है।

Ans
✗ 1. केवल 1 और 2
✗ 2. केवल 3 और 4
✓ 3. केवल 1, 2 और 3
✗ 4. केवल 1, 3 और 4

Q.9 मानव निर्मित संसाधनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. व्यक्ति प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इमारतें, पुल, सड़क, मशीनरी और वाहन बनाने के लिए करते हैं, जिन्हें मानव निर्मित संसाधन के रूप में जाना जाता है।
II. प्रौद्योगिकी, मानव निर्मित संसाधन नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल II
✓ 2. केवल I
✗ 3. I और II दोनों
✗ 4. न तो I और न ही II

Q.10 1526 में किसने, दिल्ली के सुल्तान इब्राहिम लोदी को पानीपत में हराया और दिल्ली और आगरा पर अधिकार कर लिया?

Ans
✗ 1. हुमायूं
✗ 2. महाराणा प्रताप
✓ 3. बाबर
✗ 4. अकबर

Q.11 सामान्यतः जनजातियाँ भारत के सभी भागों में पाई जाती हैं लेकिन निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र भारत की प्रमुख जनजातीय जनसंख्या से संबंधित नहीं है?

Ans
✗ 1. झारखंड
✓ 2. दिल्ली
✗ 3. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
✗ 4. लक्षद्वीप द्वीप समूह

Q.12 भारतीय संविधान के अनुसार, राज्य की कार्यकारी शक्ति किसमें निहित होगी?

Ans
✗ 1. राज्य मंत्रिपरिषद
✗ 2. मुख्यमंत्री
✗ 3. राष्ट्रपति
✓ 4. राज्यपाल

Q.13 उज्ज्वला 2.0 के अंतर्गत कनेक्शन प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड पर विचार कीजिए।

1. आवेदक (केवल महिला) की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. उसी घर में किसी भी ओएमसी (OMC) से कोई अन्य एलपीजी (LPG) कनेक्शन नहीं होना चाहिए।
3. श्रेणियों - एससी (SC), एसटी (ST), प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), सर्वाधिक पिछड़ा वर्ग (MBC), अंत्योदय अन्न योजना (AAY), चाय और पूर्व-चाय बागान जनजाति, वनवासी, द्वीप और नदी द्वीप में रहने वाले लोग, SECC परिवारों (AHL TIN) के अंतर्गत सूचीबद्ध या 14-बिंदु घोषणा के अनुसार किसी गरीब परिवार में से किसी एक से संबंधित वयस्क महिला।
4. घर के सभी वयस्क सदस्यों के पास आधार कार्ड और बैंक खाता होना चाहिए।

उपरोक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

Ans
✗ 1. केवल 1, 3 और 4
✗ 2. केवल 1 और 2
✓ 3. केवल 1, 2 और 3
✗ 4. केवल 1, 2 और 4

Q.14 निम्नलिखित स्मारकों को उनके निर्माण के कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. हुमायूँ का मकबरा, नई दिल्ली
2. इत्माद् -उद-दौला का मकबरा, आगरा
3. सलीम चिश्ती का मकबरा, फ़तेहपुर सीकरी
4. रबिया दुर्रानी का मकबरा, औरंगाबाद

Ans
✗ 1. 4, 1, 2, 3
✗ 2. 1, 2, 3, 4
✓ 3. 1, 3, 2, 4
✗ 4. 2, 1, 3, 4

Q.15 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए और पहचान कीजिए कि धार्मिक ग्रंथों और संबंधित धर्मों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा मिलान सही है।

1. अरण्यक - हिंदू धर्म
2. जन्मसाखियाँ - सिख धर्म
3. आगम सूत्र - बौद्ध धर्म
4. त्रिपिटक - जैन धर्म

Ans
✗ 1. केवल 1, 3 और 4
✓ 2. केवल 1 और 2
✗ 3. केवल 2 और 3
✗ 4. केवल 2, 3 और 4

Q.16 भारत में औपनिवेशिक वास्तुकला का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?
I. गेटवे ऑफ इंडिया, मुंबई
II. इंडिया गेट, नई दिल्ली

Ans
✓ 1. I और II दोनों
✗ 2. न तो I और न ही II
✗ 3. केवल I
✗ 4. केवल II

Q.17 इस्लाम में ज़कात का क्या अर्थ है?

Ans
✗ 1. प्रार्थना
✓ 2. निर्धनों को दान देना
✗ 3. तीर्थ यात्रा
✗ 4. उपवास

Q.18 लोकसभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. 17 अप्रैल 1952 को लोकसभा का पहली बार विधिवत गठन हुआ था।

2. दिसंबर 2023 तक लोकसभा के सत्रह आम चुनाव हो चुके हैं।

3. लोकसभा के पहले अध्यक्ष सर्वपल्ली राधाकृष्णन थे।

4. लोकसभा के पहले उपाध्यक्ष श्री गणेश वासुदेव मावलंकर थे।

Ans
✔ 1. केवल 1 और 2
✘ 2. केवल 3 और 4
✘ 3. केवल 2 और 3
✘ 4. केवल 1 और 4

Q.19 भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. इस योजना का प्रारूप केवल पी. सी. महालनोबिस द्वारा तैयार किया गया था।
II. इस योजना में अर्थव्यवस्था के औद्योगीकरण पर, विशेषकर भारी उद्योगों पर जोर दिया गया।

Ans
✔ 1. केवल II
✘ 2. I और II दोनों
✘ 3. केवल I
✘ 4. न तो I और न ही II

Q.20 औद्योगिक नीति प्रस्ताव 1956 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
I. इस प्रस्ताव ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना का आधार निर्मित किया, इस योजना में समाज के समाजवादी पैटर्न के लिए आधार निर्मित करने का प्रयास किया गया।
II. इस प्रस्ताव ने उद्योगों को केवल दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया। पहली श्रेणी में ऐसे उद्योग शामिल थे जिनका स्वामित्व विशेष रूप से निजी क्षेत्र के पास था।

Ans
✘ 1. I और II दोनों
✘ 2. न तो I और न ही II
✘ 3. केवल II
✔ 4. केवल I

Section : **Numerical Aptitude**

Q.1 एक निश्चित धनराशि (₹ में) को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B के हिस्सों का अनुपात 3 : 1 है, B और C के हिस्सों का अनुपात 5 : 3 है और C और D के हिस्सों का अनुपात भी 5 : 3 है। यदि B और D के हिस्सों के बीच का अंतर ₹1,280 है, तो A और C के हिस्सों का अंतर (₹ में) कितना है?

Ans
✘ 1. 4,000
✔ 2. 4,800
✘ 3. 6,400
✘ 4. 5,600

Q.2 M, N और S का अनुपात क्रमशः 2 : 7 : 9 है। यदि उनका योगफल 360 हो, तो M और S के बीच का अंतर कितना होगा?

Ans
✘ 1. 180
✔ 2. 140
✘ 3. 120
✘ 4. 160

**Q.3** एक प्रश्न दिया गया है, जिसके बाद तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। पहचान कीजिए कि कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।

प्रश्न:

A द्वारा दौड़ पूरा करने में लिया गया समय (सेकंड में) कितना है?

कथन:

I. A, B को 30 सेकंड से हराता है और B, C को 60 सेकंड से हराता है।

II. A, C को 90 सेकंड से हरा देता है।

III. A की चाल और C की चाल का औसत B की चाल है।

**Ans**

✗ 1. I, II और III

✓ 2. I और III

✗ 3. I और II

✗ 4. II और III

---

**Q.4** ₹1200 की राशि, 3 वर्ष में साधारण ब्याज की दर से ₹1560 हो जाती है। साधारण ब्याज की समान दर पर कितने वर्ष में ₹800 की राशि ₹1120 हो जाएगी?

**Ans**

✗ 1. 6 वर्ष

✗ 2. 3 वर्ष

✓ 3. 4 वर्ष

✗ 4. 5 वर्ष

---

**Q.5** एक प्रश्न दिया गया है, जिसके बाद तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। पहचान कीजिए कि कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।

प्रश्न:

D = 7 होने पर A का मान कितना है?

कथन:

I. A का मान B और C के योगफल के अनुक्रमानुपाती है, B का मान D के अनुक्रमानुपाती है और C का मान $D^2$ के अनुक्रमानुपाती है।

II. D = 3 होने पर A = 33 है।

III. D = 4 होने पर A = 52 है।

**Ans**

✗ 1. I और II

✗ 2. केवल I

✓ 3. I, II और III

✗ 4. I और III

---

**Q.6** 7:45 a.m.पर P और R एक दूसरे से 296 km की दूरी पर हैं। 15 मिनट के बाद, P 32 km/hr की चाल से R की ओर चलना प्रारंभ करता है। 8:30 a.m. पर R, 8 km/hr की चाल से P की ओर चलना प्रारंभ करता है। वे कितने बजे मिलेंगे?

**Ans**

✓ 1. 3:30 pm

✗ 2. 4:20 pm

✗ 3. 2:45 pm

✗ 4. 4:50 pm

---

**Q.7** एक धनराशि पर 6 वर्ष का साधारण ब्याज ₹29250 है। प्रथम 2 वर्ष के लिए ब्याज दर 7 प्रतिशत वार्षिक और अगले 4 वर्ष के लिए ब्याज दर 16 प्रतिशत वार्षिक है। वह धनराशि कितनी है?

**Ans**

✗ 1. ₹35400

✗ 2. ₹38300

✗ 3. ₹36600

✓ 4. ₹37500

Q.8 एक दुकानदार किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 25% छूट देकर बेचता है और फिर भी 35% का लाभ प्राप्त करता है। यदि वस्तु का क्रय मूल्य 10% कम हो जाता है, और वह उसे उसी अंकित मूल्य पर 37.5% छूट देकर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ______ होगा।

Ans
✔ 1. 25%
✘ 2. 30%
✘ 3. 25.5%
✘ 4. 20.5%

Q.9 एक कंपनी में 44 कर्मचारी हैं। 30 कर्मचारियों का औसत वेतन ₹4200 प्रति माह और शेष 14 कर्मचारियों में से 10 कर्मचारियों का औसत वेतन ₹6200 प्रति माह है। यदि सभी कर्मचारियों का औसत वेतन ₹7400 प्रति माह हो, तो शेष 4 कर्मचारियों का प्रति माह औसत वेतन कितना होगा?

Ans
✔ 1. ₹34400
✘ 2. ₹35600
✘ 3. ₹42200
✘ 4. ₹37800

Q.10 मान लीजिए कि $x$ , 5 अंकों की वह सबसे छोटी संख्या है, जिसे 28, 40, 42 और 48 से भाग देने पर प्रत्येक स्थिति में 6 शेषफल आता है और $x$ , 246 से विभाज्य है। $x$ के अंकों का योगफल कितना है?

Ans
✔ 1. 15
✘ 2. 14
✘ 3. 13
✘ 4. 12

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

$(a)\ \Sigma\ (n^2 - n)$ = 330, n = 1, 2, ... , 10

$(b)\ \Sigma\,(n^2 + n)$ = 728, n = 1, 2, ... , 12

$(c)\ \Sigma\ (n^2 + 3n + 1)$ = 352, n = 1, 2, ... , 8

Ans
✘ 1. केवल $(b)$
✔ 2. $(a)$ और $(b)$
✘ 3. $(b)$ और $(c)$
✘ 4. केवल $(a)$

Q.12 तीन क्रमागत विषम संख्याओं का गुणनफल 2145 है। मध्य संख्या का वर्ग कितना होगा?

Ans
✘ 1. 121
✔ 2. 169
✘ 3. 225
✘ 4. 289

Q.13 किसी सेक्शन में कुछ विद्यार्थियों का औसत वजन 35.5 kg है। उनमें से बारह विद्यार्थी जिनका औसत वजन 37 kg है, सेक्शन छोड़ देते हैं और अन्य 5 विद्यार्थी जिनका वजन 40 kg, 39.5 kg, 38.5 kg, 42 kg और 47.5 kg है, सेक्शन में शामिल हो जाते हैं, और इस प्रकार सेक्शन में विद्यार्थियों का औसत वजन 300 g बढ़ जाता है। प्रारंभ में, सेक्शन में विद्यार्थियों की संख्या कितनी थी?

Ans
✔ 1. 47
✘ 2. 49
✘ 3. 45
✘ 4. 53

**Q.14** A किसी निश्चित कार्य को 36 दिनों में पूरा कर सकता है। B, A से $33\frac{1}{3}$% कम कुशल है और C, B से 50% कम कुशल है। तीनों ने एक साथ कार्य शुरू किया, लेकिन A ने कार्य शुरू होने के 9 दिन बाद कार्य छोड़ दिया और B ने कार्य पूरा होने से 3 दिन पहले कार्य छोड़ दिया। पूरा कार्य कितने दिनों में हुआ?

**Ans**
- ✗ 1. 32
- ✓ 2. 29
- ✗ 3. 30
- ✗ 4. 28

---

**Q.15** एक बल्ले का विक्रय मूल्य ₹1144, और लाभ प्रतिशत 30 प्रतिशत है। यदि विक्रय मूल्य ₹704 हो, तो हानि का प्रतिशत कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 10 प्रतिशत
- ✗ 2. 18 प्रतिशत
- ✓ 3. 20 प्रतिशत
- ✗ 4. 15 प्रतिशत

---

**Q.16** एक गाँव में कुल जनसंख्या में 90 प्रतिशत व्यक्ति साक्षर हैं और शेष व्यक्ति निरक्षर हैं। यदि निरक्षर व्यक्तियों की संख्या 1320 हो, तो गाँव की कुल जनसंख्या कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 13000
- ✗ 2. 12000
- ✓ 3. 13200
- ✗ 4. 12200

---

**Q.17** यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 10$ हो, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 102
- ✗ 2. 96
- ✓ 3. 98
- ✗ 4. 100

---

**Q.18** उस विकल्प का चयन कीजिए जो निम्नलिखित अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में सत्य है।

| अभिकथन (A) | कारण (R) |
|---|---|
| 3 वड़े और 4 समोसे की कीमत ₹195 है। यदि एक समोसे की कीमत 10% बढ़ जाती है और एक वड़े की कीमत $\frac{1}{5}$ कम हो जाती है, तो 2 वड़े और 3 समोसे की कीमत ₹139 जाती है। 2 वड़े और 1 समोसे की मूल कीमत ₹80 है। | माना की 1 वड़े और 1 समोसे की कीमत क्रमशः ₹x और ₹y है। 3x + 4y = 195 और $2 \times (1.1)x + 3 \times \frac{1}{5}y = 139$ |

**Ans**
- ✗ 1. A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
- ✗ 2. A असत्य है और R सत्य है।
- ✓ 3. A सत्य है और R असत्य है।
- ✗ 4. A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

---

**Q.19** दो उम्मीदवारों A और B के बीच एक चुनाव में, 15% मतदाताओं ने अपना वोट नहीं डाला, डाले गए 20% वोट अवैध घोषित कर दिए गए। विजयी उम्मीदवार को 8262 वोट मिले, जो कुल वैध वोटों के 54% थे।

कथन I: हारने वाले उम्मीदवार को, सूची में शामिल कुल मतदाताओं में से 31.28% के वोट मिले।

कथन II: वैध वोटों की संख्या 15500 थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

**Ans**

✗ 1. न तो I और न ही II

✓ 2. केवल I

✗ 3. केवल II

✗ 4. I और II दोनों

---

**Q.20** एक शहर की वर्तमान जनसंख्या 98000 है। यह हर वर्ष 40 प्रतिशत की दर से बढ़ती है। 2 वर्ष पहले शहर की जनसंख्या कितनी थी?

**Ans**

✗ 1. 60000

✗ 2. 45000

✗ 3. 55000

✓ 4. 50000

---

## Section : Reasoning and Logical Aptitude

**Q.1** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना होगा और निर्णय लेना होगा कि कौन-सा/से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

• ग्रीन वैली शहर में पिछले महीने में एक दुर्लभ श्वसन बीमारी के मामलों में वृद्धि देखी गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाल ही में खुली एक रासायनिक फैक्ट्री को प्रकोप के स्रोत के रूप में पहचाना, कारखाने से उत्सर्जित वायुजनित विषाक्त पदार्थों से बीमारी का संबंध स्थापित किया। फ़ैक्टरी प्रबंधक ने शुरू में जिम्मेदारी से इनकार किया और परिचालन बंद करने से इनकार कर दिया। हालाँकि, स्थानीय निवासियों और सरकारी अधिकारियों के विरोध और बढ़ते दबाव के बाद, फैक्ट्री अंततः उत्पादन को अस्थायी रूप से रोकने के लिए सहमत हो गई है।

दी गई जानकारी से निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

**A.** रासायनिक फैक्ट्री स्थायी रूप से परिचालन बंद कर देगी।

**B.** श्वसन संबंधी बीमारी अत्यधिक संक्रामक है और हवा के माध्यम से तेजी से फैल सकती है।

**C.** सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने प्रकोप को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है और आगे फैलने से रोका है।

**D.** ग्रीन वैली निवासियों को विषाक्त पदार्थों के संपर्क को कम करने के लिए सभी बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए।

**Ans**

✓ 1. केवल B और D


✗ 2. केवल A और D

✗ 3. केवल B और C

✗ 4. केवल A और C

---

**Q.2** एक पासे के विभिन्न फलकों पर छह प्रतीक !, @, #, $, %, और & लिखे गए हैं। चित्र में इस पासे की दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं। & के विपरीत कौन-सा प्रतीक होगा?




**Ans**

✗ 1. #

✗ 2. $

✓ 3. @

✗ 4. %

**Q.3** निम्नलिखित प्रश्न में, नीचे कुछ कथन दिए गए हैं और उनके बाद उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन आपको सत्य मानने हैं, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से असंगत प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और तत्पश्चात यह निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:

I. सभी R, Q हैं।

II. सभी M, R हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी M, Q हैं।

II. कुछ Q, R हैं।

**Ans**

✗ 1. कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

✗ 3. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

✓ 4. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

---

**Q.4** निम्नलिखित प्रश्न में, चार अक्षर युग्म दिए गए हैं। (-) के बाईं ओर के अक्षर, किसी तर्क/नियम/संबंध के आधार पर (-) के दाईं ओर के अक्षरों से संबंधित हैं। निम्नांकित में से तीन, एक ही तर्क/नियम/संबंध के आधार पर एकसमान हैं। दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए।

**Ans**

✗ 1. WL - DS

✓ 2. MO - SW

✗ 3. DS - KZ

✗ 4. NC - UJ

---

**Q.5** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TAP' को '60348' और 'CUT' को '96360' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?

| शब्द | कूट |
|---|---|
| I. WORK | (W) 2132742 |
| II. GAIN | (X) 1215354 |
| III. DEAR | (Y) 69455433 |

**Ans**

✗ 1. केवल I-X, II-W

✗ 2. केवल I-X

✗ 3. केवल III-Y, I-W

✓ 4. केवल I-Y, II-W, III-X

---

**Q.6** नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रम के अनुसार व्यवस्थित करने पर, 'तीसरे' स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा?

1. Region
2. Register
3. Regim
4. Regional
5. Regimen

**Ans**

✗ 1. Register


✗ 2. Regimen

✗ 3. Regional

✓ 4. Region

---

**Q.7** एक पासे के विभिन्न फलकों पर छह अक्षर S, T, U, V, W और X लिखे गए हैं। चित्र में इस पासे की दो स्थितियाँ दिखाई गई हैं। X के विपरीत कौन-सा अक्षर होगा?




Ans
✗ 1. W
✓ 2. U
✗ 3. S
✗ 4. T

**Q.8** एक व्यक्ति सोमवार से शुक्रवार तक पांच शहरों A, B, C, D और E में जाता है। वह व्यक्ति प्रत्येक दिन केवल एक शहर में जाता है। वह व्यक्ति सोमवार को A में जाता है। वह D के अगले दिन E में जाता है। वह B और C में शुक्रवार को नहीं जाता है। वह बुधवार को निम्नलिखित में से कहाँ जा सकता है?

Ans
✗ 1. D
✗ 2. A
✓ 3. B
✗ 4. E

**Q.9** निम्नलिखित प्रश्न में, दी गई श्रृंखला में से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
60, 64, 72, 88, 120, ?

Ans
✗ 1. 190
✗ 2. 180
✗ 3. 210
✓ 4. 184

**Q.10** निम्नलिखित प्रश्न में, नीचे कुछ कथन दिए गए हैं और उनके बाद उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन आपको सत्य मानने हैं, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से असंगत प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और तत्पश्चात यह निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
कथन:
I. सभी रंग, लाल हैं।
II. कुछ पीले, लाल हैं।
निष्कर्ष:
I. सभी पीले, रंग हैं।
II. कुछ लाल, पीले हैं।

Ans
✗ 1. कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 4. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**Q.11** एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
QRST, UVWX, YZAB, CDEF, ?

Ans
✓ 1. GHIJ
✗ 2. TQRN
✗ 3. GHMJ
✗ 4. EMRN

**Q.12** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। X और Y को किन संख्याओं से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बायीं ओर की दोनों संख्याओं का पैटर्न :: के दायीं ओर के समान हो?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 की संख्या - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है)
X : 120 :: 4 : Y

**Ans**
✔ 1. X=5, Y=60
✗ 2. X=5, Y=70
✗ 3. X=9, Y=140
✗ 4. X=6, Y=90

---

**Q.13** A @ B का अर्थ है कि A, B की बहन है;
A # B का अर्थ है कि A, B का पिता है;
A & B का अर्थ है कि B, A की पत्नी है।
उपरोक्त जानकारी के आधार पर, ज्ञात कीजिए कि दिए गए कथनों में से कौन-सा नीचे दिए गए अभिकथन के पीछे कारण हो सकता है यदि यह दिया गया है कि 'S @ M # T & U' है।
अभिकथन: S, Z की पौत्री है?
कारण A: Z @ U
कारण B: Z @ M

**Ans**
✗ 1. अभिकथन के पीछे A और B दोनों कारण हैं
✔ 2. अभिकथन के पीछे न तो A और न ही B कारण है
✗ 3. अभिकथन के पीछे केवल A ही कारण है
✗ 4. अभिकथन के पीछे केवल B ही कारण है

---

**Q.14** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह निर्धारित करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर निर्धारित कीजिए।
Q. सभी में सबसे कम सेब किसे मिले?
(I) प्रेरणा को राजीव से अधिक सेब मिले। गंगा को उतने ही सेब मिले जितने विद्या को मिले।
(II) अंकिता को मनस्वी की तुलना में कम सेब मिले। राजीव को गंगा से अधिक सेब मिले। मनस्वी को विद्या की तुलना में कम सेब मिले।

**Ans**
✔ 1. प्रश्न का उत्तर देने के लिए दोनों कथनों I और II में दिया गया डेटा आवश्यक है।
✗ 2. प्रश्न का उत्तर देने के लिए दोनों कथनों I और II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
✗ 3. केवल कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ 4. केवल कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

---


**Q.15** यदि 112 M 84 N 251 = 447 और 35 M 45 N 59 = 139 हो, तो 224 M 89 N 131 = कितना होगा?


**Ans**
✗ 1. 360
✗ 2. 450
✗ 3. 458
✔ 4. 444


Q.16 निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।




Ans

✗ 1. 

✓ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

Q.17 BAKE अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से YZPV से संबंधित है। उसी प्रकार, FOUR का संबंध ULFI से है। समान तर्क का पालन करते हुए निम्नलिखित में से कौन सा सही मिलान है?

| | |
|---|---|
| i. GOOD | (W) GIVV |
| ii. ZERO | (X) AVIL |
| iii. TREE | (Y) TLLW |
| iv. KEEP | (Z) PVVK |

Ans

✗ 1. केवल iii-Y , i-W, iv-Z

✓ 2. केवल i-Y, ii-X, iii-W


✗ 3. केवल ii-W


✗ 4. केवल i -Y


**Q.18** यदि एक दर्पण को रेखा AB पर रखा जाए, तो विकल्प आकृतियों में से कौन-सी आकृति, प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिंब होगी?




**Ans**

✔ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 

✘ 4. 

---

**Q.19** सात व्यक्ति आनंद, बिपिन, चमन, दीपक, ईशान, फरहान और गगन एक गोल मेज के परित: बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। उनमें से प्रत्येक का मुख या तो केंद्र की ओर है या बाहर की ओर (केंद्र के विपरीत) है।
- तीन व्यक्ति केंद्र की ओर अभिमुख हैं और अन्य बाहर की ओर अभिमुख हैं।
- अंदर की ओर अभिमुख दो व्यक्ति एक साथ बैठे हैं।
- गगन दो व्यक्तियों, बिपिन और दीपक के बीच बैठा है जो बाहर की ओर अभिमुख हैं।
- फरहान, ईशान और दीपक के बीच में बैठा है।
- ईशान और बिपिन के बीच अंदर की ओर मुख किए हुए केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
- फरहान गगन के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
- गगन का मुख केंद्र की ओर है।
- आनंद बिपिन के बगल में किसी तरफ नहीं बैठा है।

दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है/हैं?
I. आनंद और गगन केंद्र की ओर अभिमुख हैं।
II. चमन और गगन केंद्र की ओर अभिमुख हैं।
III. चमन, बिपिन और दीपक बाहर की ओर अभिमुख हैं।

**Ans**

✘ 1. सभी I, II और III सत्य हैं।

✘ 2. केवल II सत्य है।

✘ 3. केवल I सत्य है।

✔ 4. I और II दोनों सत्य हैं।

---

**Q.20** सात व्यक्ति प्रकाश, नीलांजन, रोहित, जय, समन, संजय और वीर हैं जिनकी उम्र 55, 34, 56, 42, 36, 30 और 25 (सभी वर्षों में) है लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।
- रोहित, जो कि जय का बड़ा भाई है, नीलांजन से छोटा है।
- संजय केवल वीर से छोटा है लेकिन समन से बड़ा है।
- नीलांजन, प्रकाश का छोटा भाई है जो पूरे समूह में चौथा सबसे छोटा और साथ ही चौथा सबसे बड़ा है।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?
I. समन की उम्र 42 वर्ष है।
II. जय सबसे छोटा है।

**Ans**

✘ 1. न तो I और न ही II

✔ 2. I और II दोनों

✘ 3. केवल II

✘ 4. केवल I

---

Section : **English**

Q.1 Identify the grammatically correct form of the given sentence.

Sentence: Rita was been cooking for me for I left my job.

I. Rita has been cooking for me since I left my job.

II. Rita is cooking for me since I left my job.

III. Rita is been cook for me since I left my job.

Ans
1. Only III is correct
2. All I, II and III are correct
3. Only II and III are correct
4. Only I is correct

Q.2 **Select the conclusion(s) that follow(s) based on the correct meaning of the underlined segment in the given sentence.**
**Sentence:**
**Always remember that <u>mighty oaks from little acorns grow</u>.Conclusion:**
**(i) You cannot hope to grow a big plant by sowing tiny seeds.**
**(ii) Some of the big business empires actually started off as small ventures.**
**(iii) Even great men can be brought down by small scandals.**

Ans
1. Only conclusion (ii)
2. Only conclusion (i) and (iii)
3. Only conclusion (i)
4. Only Conclusion (iii)

Q.3 **Select the correct conclusion based on the correct meaning of the word underlined in the following sentence.**

**Statement: His parents never thought that he would turn out to be a <u>philistine</u>.**

**Conclusion:**

**(i) A philistine as he is, he is proud of his beautiful collection of antiques.**

**(ii) We shouldn't have taken him to the museum of rare paintings, for he was anxious to get out soon.**

**(iii) Some are so practical-minded that even a vintage car is a pure mechanical device for them.**

Ans
1. Both conclusion (ii) and (iii) are correct
2. Only conclusion (ii) is correct
3. Both conclusion (i) and (iii) are correct
4. Only conclusion (i) is correct

Q.4 The five sentences labelled (1, 2, 3, 4, 5) given in this question. The first sentence is fixed and others when properly sequenced, form a coherent paragraph. Each sentence is labelled with a number. Decide on the proper order for the sentences and choose the correct option.

1. Pūteketeke are water birds native to New Zealand and have been known to make strange noises like barking, growling and clicking.
2. They are characterised by their distinctive plumage, alternating black and white feathers with colored head plumes.
3. Young pūteketeke are also capable of swimming and diving even after newly hatching.
4. The bird was almost hunted to extinction in the United Kingdom during the 19th century.
5. They are still under threat today, conservationists say.

Ans
1. 12345
2. 13452
3. 12453
4. 15234

**Q.5 The passage given below has numbered blanks.Choose the word that best fits Blank 3.**

**Over the past decade, the sunflower sea star has gone from a predator of the Pacific Ocean to nearing extinction. The Nature Conservancy estimates that 5.75 billion sunflower sea stars died over three years, a 94% global (1)___. The cause, scientists say, is largely climate change and warming waters, (2)___ by sea star wasting disease. Hope is slowly on the horizon. The Birch Aquarium at Scripps Institution of Oceanography near San Diego successfully (3)___ three sunflower sea stars recently, the latest success story in a sprawling collaborative effort. TBA has five sunflower stars, one of the largest populations of sunflower stars in (4)___ in California. But until recently it did not know their gender. To determine the sex, researchers induced spawning. After further testing, they can determine whether the (5)___ could survive disease or parasites. Once that's done, the aquarium will be able to begin the fertilization process.**

Ans
- ✗ 1. instigated
- ✗ 2. produced
- ✓ 3. spawned
- ✗ 4. promoted

---

**Q.6 Select the conclusion(s) that follow(s) based on the correct meaning of the word underlined in the following sentence.**
**Sentence:**
**He is actually an<u>amateur</u> photographer but some of his wildlife photographs have received wide acclaim.**
**Conclusion:**
**(i) Magazines will give him special assignments because of his experience and expertise.**
**(ii) He doesn't claim any special status among those who have photography as their career.**
**(iii) He often criticises the work of professionals because he is one of them.**

Ans
- ✗ 1. Only conclusion (i)
- ✓ 2. Only conclusion (ii)
- ✗ 3. Only conclusion (ii) and (iii)
- ✗ 4. Only conclusion (i) and (iii)

---

**Q.7 Four sentences are given below as four options. Choose the option that contains the odd sentence.**

Ans
- ✗ 1. It is important to understand how work-based values inform behaviour in the labour market.
- ✓ 2. Job seekers including fresh graduates and employers express values that are relevant to the workplace.
- ✗ 3. Employers' values influence the selection process and their treatment of the current employees.
- ✗ 4. Failure to absorb the new graduates into the labour market seriously affects social cohesion in the community at large.

**Q.8** Match the following words with their SYNONYMS.

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| 1 | Guilt | A | Contrition |
| 2 | Inactive | B | Lethargic |
| 3 | Circumvent | C | Escape |

**Ans**
✗ 1. 1-B, 2-C, 3-A
✗ 2. 1-C, 2-A, 3-B
✗ 3. 1-A, 2-C, 3-B
✓ 4. 1-A, 2-B, 3-C

**Q.9** **Which of the following statements uses the given idiom correctly?**
**(i) When we vent our spleen we generally feel good.**
**(ii) Consult a doctor for controlling the damage to your system when you vent your spleen.**
**(iii) His latest article in the newspaper vents his spleen on bureaucracy and the prevalence of red-tapism.**

**Ans**
✗ 1. Only statements (i) and (ii)
✓ 2. Only statements (i) and (iii)
✗ 3. All the statements
✗ 4. Only statements (ii) and (iii)

**Q.10** **Four sentences are given as options. Choose the option that contains the odd sentence.**

**Ans**
✗ 1. World peace cannot be established without moral foundation.
✗ 2. The world today is wanting in moral values.
✓ 3. As material civilisation advances and the supply of available goods and services increases, man's needs also multiply.
✗ 4. Everyone regardless of his or her attitude to religion resents being called devoid of moral sense.

**Q.11** Match the following words with their SYNONYMS.

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| 1 | Hound | A | Deprivation |
| 2 | Bereavement | B | Chase |
| 3 | Jolly | C | Amused |

**Ans**
✗ 1. 1-C, 2-A, 3-B
✓ 2. 1-B, 2-A, 3-C
✗ 3. 1-B, 2-C, 3-A
✗ 4. 1-A, 2-B, 3-C

**Q.12** **Select the option in which the word 'belligerent' is used correctly.**

**Ans**
✗ 1. She was belligerent when she heard the good news of her winning a jackpot.
✗ 2. The principal greeted the students and their awestruck belligerent parents warmly on the reopening day.
✗ 3. The belligerent kids hugged each other and danced in joy true to their nature.
✓ 4. The belligerent litigant's behaviour made the judge reprimand him severely.

Q.13 Match the following words with their antonyms.

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| 1 | Stuck | A | Reticent |
| 2 | Morbid | B | Cordial |
| 3 | Talkative | C | Freed |

Ans
✗ 1. 1-B, 2-C, 3-A
✓ 2. 1-C, 2-B, 3-A
✗ 3. 1-C, 2-A, 3-B
✗ 4. 1-A, 2-B, 3-C

Q.14 **Select the correct conclusion based on the meaning of the underlined word.**

**Statement: He got selected for this dance performance despite having so many problems with the overall idea. No doubt, the squeaky wheel gets the grease.**

**Conclusion:**

**I. The most reliable person in your life harms you.**

**II. A person with selfish motives always tries to grab everyone's attention.**

Ans
✗ 1. Both conclusion I and II are correct
✓ 2. Neither conclusion I nor II is correct
✗ 3. Only conclusion II is correct
✗ 4. Only conclusion I is correct

Q.15 **Select the correct conclusion based on the meaning of the underlined word.**

**Statement: His overnight success has taught me that you should never judge a book by its cover.**

**Conclusion:**

**I. One should be beware of false appearances.**

**II. We must not underestimate anyone based on their looks.**

Ans
✗ 1. Neither conclusion I nor II is correct
✗ 2. Both conclusion I and II are correct
✗ 3. Only conclusion I is correct
✓ 4. Only conclusion II is correct

Q.16 Identify the grammatically correct form of the given sentence.

Sentence: After an few more polite speeches, he found himself dismissed.

I. After a few more polite speeches, he found himself the dismissed.
II. After a few more polite speeches, he found himself dismissed.

Ans
✗ 1. Both I and II are correct
✗ 2. Only I is correct
✓ 3. Only II is correct
✗ 4. Neither I nor II is correct

Q.17 **Select the option in which the word 'ephemeral' is used correctly.**

Ans
✗ 1. The cooling glasses that I wear are ephemeral – light but unbreakable.

✓ 2. Our life on this planet is ephemeral but the spirit is eternal.

✗ 3. The new desk we have bought is ephemeral and sturdy and will be stable for long.

✗ 4. All things ephemeral tend to have a lasting impact on culture and civilisation.

---

Q.18 Identify the grammatically correct form of the given sentence.

Sentence: As the pedicurist painted her nail, Simran speaks softly without looking at me.

I. As the pedicurist paints her nail, Simran spoke softly without looking at me.

II. As the pedicurist painted her nail, Simran spoke softly without looking at me.

Ans
✗ 1. Only I is correct

✓ 2. Only II is correct

✗ 3. Neither I nor II is correct

✗ 4. Both I and II are correct

---

Q.19 **The sentences given below are numbered 1, 2, 3, 4, and so on. They form a coherent paragraph when sequenced properly. Choose the option that gives the proper sequence.**

**1. Academics need to conduct and then publish their research.**

**2. It also represents spent future time as they revise or resubmit their manuscript.**

**3. While service and teaching also play an important role in their professional lives, academic publishing is a mainstay for tenure, promotion, and for impacting the directions of the field.**

**4. When this work does not reach its intended audience, the efforts of the author represent lost time that might have been more productively directed elsewhere.**

**5. A prospective author typically spends months or years working on a submission to a journal.**

Ans
✗ 1. 35124

✗ 2. 54132

✗ 3. 42531

✓ 4. 13542

---

Q.20 Identify the grammatically correct form of the given sentence.

Sentence: My mother yelled at my father for purchasing red capsicum rather then green pepper.

I. My mother yelled at my father for purchasing red capsicum rather than green pepper.

II. My mother yelled at my father because he bought red capsicum instead of green pepper.

III. My mother yelled at my father for purchasing red capsicum despite of green pepper.

Ans
✓ 1. Only I and II are correct

✗ 2. Only II is correct

✗ 3. Only III is correct

✗ 4. Only I is correct